कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, भोजपुर
(सर्व शिक्षा अभियान)

बिहार शिक्षा परियोजना, भोजपुर मौलाबाग, आरा, भोजपुर–802301

Ref. No. BEP (SSA)/ 1504 दिनांक 29/09/2023

प्रेषक,

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
(प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान)
भोजपुर, आरा।

सेवा में,

प्राचार्य/प्रधानाध्यापक/ प्रभारी प्रधानाध्यापक/अध्यक्ष/सचिव,
सभी मध्य, उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, निजी विद्यालय
जिला–भोजपुर।

विषयः– जिला स्तरीय 31 वीं0 राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2023 में छात्र–छात्राओं की प्रतिभागिता के संबंध में।

प्रसंगः– अधोहस्ताक्षरी कार्यालय पत्रांक BEP (SSA)/1019 दिनांक 13.07.2023 , निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् पटना के पत्रांक 1050 दिनांक 25.05.2023 एवं निदेशक, विज्ञान एवं प्रौधौगिकी विभाग के पत्रांक 359 दिनांक 20.05.2023

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में कहना है कि इस वर्ष 31 वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2023 का आयोजन साईस फॉर सोसाइटी बिहार, पटना द्वारा एस0सी0ई0आर0टी0 बिहार एवं बी0सी0एस0टी0 पटना की सहभागिता से हो रहा है। जिलास्तरीय आयोजन के पूर्व जिला कार्यालय द्वारा आपके विद्यालय के विज्ञान/गणित/पर्यावरण शिक्षकों का प्रशिक्षण दिनांक 15.07.2023 को एस0एन0मेमोरियल स्कूल, वीर कुँवर सिंह कॉलेज की पीछे, गौसगंज आरा में दिया जा चुका है। उक्त प्रशिक्षण में कार्यक्रम के मुख्य विषय ''स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारितंत्र को समझना'' (Understaning Ecosystem for Health and well being) एवं इसके उप विषय के संबंध में उक्त प्रशिक्षण में पूर्ण जानकारी दी जा चुकी है। साथ ही इस संबंध में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय पत्रांक BEP (SSA)/1019 दिनांक 13.07.2023 के माध्यम से प्रतियोगिता हेतु दिशा निर्देश उपलब्ध कराये जा चुके है। बाल विज्ञान कांग्रेस 2023 दो वर्गो में आयोजित होगी।

(क) जूनियर वर्ग – (10 वर्ष से 13+)

(ख) सीनियर वर्ग – (14 वर्ष से 17 वर्ष तक)

छात्र/छात्रों को परियोजना तैयार करने में विद्यालय विज्ञान कोष से महत्तम 500/– रूपया तक खर्च की जा सकती है। छात्र/छात्रा परियोजना प्रस्तुतीकरण के परियोजना रिपोर्ट की एक कॉपी लायेंगे जिसे आयोजन समिति के पास जमा करना होगा। प्रस्तुतीरण हेतु 8 मिनट का अधिकतम समय दिया जायेगा। प्रस्तुतीकरण के समय वे महत्तम 4 पोस्टर उपयोग कर सकते है। प्रस्तुतीकरण के समय लॉग–बुक एंव सर्वेक्षण फाईल (यदि हो तो) दिखाना आवश्यक होगा। जिला स्तरीय बाल विज्ञान कांगेस–2023 का आयोजन 09 अक्टुबर 2023 को डी0पी0एस0 इंटरनेशनल स्कूल, नियर धमार बस स्टैड, मौलाबाग, आरा में पूर्वाहन 10:00 बजे से निर्धारित है। माध्यमिक विद्यालय के प्रतिभागी छात्र/छात्रा एवं मार्गदर्शक शिक्षक का यात्रा भत्ता विद्यालय विज्ञान कोष/ छात्र कोष से देय होगा।

अतः विद्यालय प्रधान एव संबंधित विद्यालय के विज्ञान शिक्षको को निदेश दिया जाता है कि इस कार्यक्रम में रूचि लेते हुए अधिकाधिक प्रतिभागियों की सहभागिता कराना सुनिश्चित करेंगे। कार्यक्रम से

29/09/23

कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, भोजपुर

(सर्व शिक्षा अभियान)

बिहार शिक्षा परियोजना, भोजपुर मौलाबाग, आरा, भोजपुर–802301

Ref. No. BEP (SSA)/............. दिनांक ....

अतः आपको निदेश दिया जाता है कि जिला स्तरीय विज्ञान कांग्रेस–2023 में अनिवार्य रूप से अपनें विद्यालय का रजिस्ट्रेशन https;//sfsbihar.com पर करते हुए सहभागिता यथा स्थान, ससमय एवं निर्धारित तिथि पर कराना सुनिश्चित करेंगे।

विश्वासभाजन

29.09.23

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
(प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान)
भोजपुर आरा।

29/09/23

ज्ञापांक........1504........आरा दिनांक.........29/09/.....2023

प्रतिलिपिः– डा0 संगीता कुमारी, जिला समन्वयक–सह शिक्षिका, +2 उच्च विद्यालय धमार, भोजपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– प्राचार्य, डी0पी0एस0 इंटरनेशनल स्कूल, नियर धमार बस स्टैड, मौलाबाग, आरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि उक्त कार्यक्रम हेतु दिनांक 09.10.2023 को विद्यालय के एक हॉल एवं तीन कमरें उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपिः– सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, जिला–भोजपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि वे अपने प्रखंड से न्यूनतम 05 मध्य विद्यालयों के एक छात्र एवं एक शिक्षक (कुल 05 छात्र एवं 05 शिक्षक) को इस कार्यक्रम में प्रोजेक्ट बनाकर निश्चित रूप से भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपिः– राज्य समन्वयक, साईस फॉर सोसाईटी, बिहार पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– जिला शिक्षा पदाधिकारी, भोजपुर की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपिः– जिला पदाधिकारी, भोजपुर की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

29/09/23

29.09.23

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
(प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान)
भोजपुर, आरा।